grades) will become redundant as a result of modernisation. In view of this, the incumbents are proposed to be given training in platemaking for a period of 3 months subject to their qualifying in the trade test. The Compositors will be taken against these posts only after the amendment of the Recruitment Rules have been carried out. The process to amend the Rules has already been initiated.

टी०वी० टावर का स्थान बदल कर पीतमपुरा, दिल्ली ले जाया जाना

2806. **डा० रत्नाकर पाण्डेय :** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दूरदर्शन केन्द्र, दिल्ली हाल ही में अपने टी०वी० टावर का स्थान बदलकर पीतमपुरा, दिल्ली ले गया है, यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ;

(ख) क्या सरकार का ध्यान 21 नवम्बर, 1988 के "वीर अर्जुन" में छपे उस समाचार की ओर दिलाया गया है जिसमें यह कहा गया है कि सरकार ने टी०वी० टावर का स्थान बदल कर अपनी अदूरदर्शिता दिखाई है जिससे संसद मार्ग के आस-पास रहने वाले लाखों लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है; और

(ग) यदि हां, तो इस पर सरकार की प्रतिक्रिया क्या है ?

संसदीय कार्य मंत्री तथा सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री एच०के०एल० भगत) : (क) जी हां । चैनल–1 के ट्रांसमीटर की शक्ति 10 किलोवाट से बढ़ाकर 20 किलोवाट कर दी गयी है । और चैनल–2 के ट्रांसमीटर की शक्ति 1 किलोवाट से बढ़ाकर 10 किलोवाट कर दी गयी है व संसद मार्ग पर स्थापित 100 मीटर ऊंचे टावर की तुलना में पीतमपुरा के टावर की ऊंचाई 235 मीटर है । ऐसा और अधिक क्षेत्र और जनसंख्या तक टी०वी० सेवा का विस्तार करने के लिए किया गया है । संसद मार्ग स्थित टावर को 100 मीटर से अधिक ऊंचा करना संभव नहीं था । क्योंकि उससे विमानों को खतरा हो जाता ।

(ख) और (ग) दिनांक 21-11-88 के "वीर अर्जुन" के न तो प्रातःकालीन संस्करण में और न ही सायंकालीन संस्करण में कोई ऐसी समाचार मद थी । तथापि यह सही है कि दिल्ली के कुछ भागों के दर्शकों को सन्तोषजनक संग्रहण प्राप्त करने के लिए अपने संग्रहण एन्टिना को पीतमपुरा की ओर करना पड़ता है । फिर भी ऊंचे बने भवनों के कारण कतिपय भागों में संग्रहण शक्ति क्षीण हो सकती है । इस क्षीणता को संग्रहण एन्टिना की ऊंचाई को उपयुक्त रूप से बढ़ाकर अथवा उसे दूसरे स्थान पर लगा कर न्यूनतम किया जा सकता है ।

Principle for grant of collaboration

2807. SHRI PRITHIBI MAJHI: Will the Minister of FOOD PROCESSING INDUSTRIES be pleased to state:

(a) whether Government have accepted the principle that a collaboration can be granted for one item when export of another item is being committed;

(b) whether in the Pepsi proposal, fruit juice is being exported and collaboration for cola concentrate and potato chips is being sought; and

(c) what repercussions are expected if such trade-offs are to be allowed?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF FOOD PROCESSING INDUSTRIES (SHRI JAGDISH TYTLER): (a) When foreign collaboration is approved for a package of several items, export obligation does not necessarily relate to any particular item.

(b) **No, Sir.**